# आयुक्त ने आश्रय स्थल व रसोई का किया औचक निरीक्षण

## दीनदयाल रसोई बस स्टैंड में सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने पर लगाई पेनाल्टी



नवभारत न्यूज

**सतना, 19 नवम्बर. नगर पालिक निगम आयुक्त शेर सिंह मीना ने आश्रय स्थल धवारी, आश्रय स्थल जिला चिकित्सालय एवं आश्रयस्थल बस स्टैंड में औचक निरीक्षण किया**

यह जानकारी देते हुए जनसम्पर्क अधिकारी धीरज कुमार मिश्रा बताया कि आश्रय स्थलों में ठंड के मौसम में आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने, साफ सफाई का विशेष ध्यान देने, रात्रिकालीन मोबलाइजेशन का कार्य आरंभ करने हेतु संचालनकर्ता संस्था हकीकत सेनिटेशन सोसाइटी को निर्देश दिए गए। आश्रय स्थलों में रुकने वाले हितग्राहियों से सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया गया। । साथ ही अलाव की व्यवस्था आश्रयस्थलों के साथ शहर के मुख्य स्थानों पर आरम्भकराए जाने हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। आयुक्त नगर पालिक निगम सतना द्वारा दीनदयाल रसोई सिविल लाइन, दीन दयाल रसोई बस स्टैंड का भी औचक निरीक्षण किया गया। दीनदयाल रसोई बस स्टैंड में सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने पर संबंधित संचालनकर्ता संस्था के विरुद्ध पेनाल्टी लगाये जाने संबंधी नोटिस दिए जाने के निर्देश दिए गए। इस औचक निरीक्षण के दौरान दीपक शर्मा योजना प्रभारी सिटी मिशन मैनेजर उपस्थित रहे।

# चोरी के बाद साफी से दरवाजा बांध गए चोर

▸ पूना में रहते हैं घर मालिक



नवभारत न्यूज

**सतना, 19 नवम्बर. सभापुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरी करने पहुंचे चोरों ने पड़ोस के घर के दरवाजा पर बाहर से साफी बांध दिया, ताकि आहट होने पर कोई निकल ना सके। इसके बाद सुकून से सोने, चांदी के गहने और नकदी चोरी कर बदमाश भाग गए। बुधवार के तड़के जब चोरी का पता चला तो मामले की रिपोर्ट पुलिस के पास दर्ज कराई गई।**

इस संबंध में श्यामलाल त्रिपाठी पिता राम प्रकाश त्रिपाठी (48) निवासी हरिहरपुर ने पुलिस ने आवेदन देकर बताया कि वह तीन भाई हैं। सभी का हिस्सा बांट हो गया है। सबसे छोटे भाई पुष्पेन्द्र त्रिपाठी और उसके घर का आंगन एक ही है। पुष्पेन्द्र अपने परिवार के साथ पूना महाराष्ट्र में रहते हैं। 18 व 19 नवंबर की रात चोरों ने घटना की है। इसका पता तब चला जब श्यामलाल 3.30 बजे उठे। उन्होंने बताया कि उनके कमरे का दरवाजा बाहर से साफी से बंधा था, जिसे कई बार धक्का देकर खोला तो देखा कि पुष्पेन्द्र के घर के सभी दरवाजे खुले थे। अंदर जाकर देखा तो भाई के घर का सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी में सब्बल से दरवाजे फैलाए गये थे। पुष्पेन्द्र के घर से सोने के कान का झूमर झुमका, अंगूठी, लॉकेट माला, बेंदी, बेसर, चैन, चांदी के आभूषण पायल, बिछुआ दो नग, 20 रुपए की दो गड्डी चोरी हुई हैं। रिपोर्ट होने पर पुलिस अब मामले की जांच करते हुए संदेहियों से पूछताछ कर रही है।

# नागौद के हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत



नवभारत न्यूज

**सतना 19 नवम्बर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को अपने निर्धारित प्रवास के तहत अपरान्ह 3 बजे सतना जिले के नागौद पहुंचे।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का नागौद हेलीपैड पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नागौद में बरकोनिया मंदिर मे आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होकर शाम 4.20 बजे हेलीकॉप्टर से पन्ना जिले के पवई के लिए रवाना हुए। नागौद हेलीपैड पर विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, कमिश्नर रीवा संभाग बीएम जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेन्द्र सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा भी उपस्थित थे।

# गुम हुए तीन बालक 2 घंटे में सकुशल बरामद



नवभारत न्यूज

**सतना, 19 नवम्बर. मैहर जिले के थाना देहात पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट परिचय देते हुए गुमशुदा तीन नाबालिग बालकों को सूचना मिलने के मात्र दो घंटे के भीतर सकुशल तलाश कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सराहनीय संदेश गया है।**

ग्राम जमताल निवासी फरियादी द्वारा आज थाना देहात में 3 नाबालिक बालकों जिनकी उम्र क्रमशः 8 वर्ष, 11 वर्ष एवम 12 वर्ष है की गुमशुदगी की सूचना दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि गुम हुए एक बालक के पास मोबाइल है। सूचना प्राप्त होते ही थाना देहात पुलिस की टीम तत्काल सक्रिय हुई और संभावित स्थानों, आस-पड़ोस क्षेत्रों व स्थानीय लोगों से जानकारी एकत्र कर तकनीकी संसाधनों की सहायता से बालको की पता तलाश शुरू की। पुलिस की मेहनत रंग लाई और तीनों नाबालिग बालक सुरक्षित मिल गए। बालकों को कानूनी औपचारिकताएँ पूरी कर सुरक्षित रूप से परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने थाना देहात पुलिस की त्वरित और मानवीय कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए पुलिस टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# एसआईआर डिजिटाइजेशन के लिए लगाई गई ड्यूटी

## गणना पत्रक की होगी फीडिंग

नवभारत न्यूज

**सतना 19 नवम्बर. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 में जिले के विधानसभा क्षेत्रों के एसआईआर कार्य की प्रक्रिया चल रही है।**

जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में नियुक्त बीएलओ द्वारा एसआईआर के गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन कार्य किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में नियुक्त बीएलओ जिनके एसआईआर गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति कम है। उसने अपने मोबाइल नम्बर से सम्पर्क करने एवं एसआईआर गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति को बढाने के लिए कर्मचारी, कम्प्यूटर आपरेटरों की ड्यूटी विधानसभा क्षेत्रवार जिला निर्वाचन कार्यालय के कक्ष क्रमांक जी-30 में तत्काल प्रभाव से लगाई गई है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र 61 चित्रकूट के लिए कम्प्यूटर आपरेटर अनिल कुमार शुक्ला, 62 रैगांव के लिए सुश्री साधना शुक्ला, 63 सतना के लिए सतीष मिश्रा, 64 नागौद के लिए नारेन्द्र नामदेव तथा 67 रामपुर बघेलान के लिए कम्प्यूटर आपरेटर संजू सतनामी की डयूटी लगाई गई है। कर्मचारी, कम्प्यूटर आपरेटरों को निर्देशित किया गया है कि सौपे गये कार्य के लिए जिला निर्वाचन सतना के कक्ष क्रमांक जी-30 में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**सतना 19 नवम्बर.** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 में जिले के विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र 61 चित्रकूट की जनपद पंचायत मझगवां के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिकेत शांडिल्य, विधानसभा क्षेत्र 62 रैगांव की जनपद पंचायत नागौद के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक मिश्रा को नियुक्त किया गया है।

# जिला स्काउट गाइड चुनाव का कार्यक्रम जारी

## 17 दिसम्बर को धवारी स्थित कार्यालय में होगा मतदान

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 नवम्बर. स्काउट की जिला कार्यकारिणी के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है इसके लिए17 नवम्बर को अधिसूचना जारी कर दी गई है. जारी कार्यक्रम के अनुसार 17 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा.इसके बाद मतों की गणना की जाएगी.**

उल्लेखनीय है कि अनुविभागीय दंडाधिकारी (कलेक्टर प्रतिनिधि) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक 4 नवम्बर में लिए गए निर्णय अनुसार भारत स्काउट एवं गाइड रूल्स बुक चैप्टर 5 जिला संघ की कंडिका 89 से 133 तक दिए गए प्रावधान अनुसार जिला संघ सतना का पंचवर्षीय जिला परिषद एवं कार्यकारणी हेतु अधिसूचना 17.नवम्बर 2025 को जारी की गई। जिसका निर्धारित कार्यक्रम निम्नानुसार है.जिला परिषद हेतु निर्वाचनीय पद अध्यक्ष (पद 1) उपाध्यक्ष (पद 6 -3 पुरुष एवं 3 महिला) जिला कार्यकारिणी हेतु निर्वाचनीय पद आजीवन सदस्य प्रतिनिधि (पद 1)के लिए निर्वाचन होगा. निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया नामांकन फार्म प्राप्त करने की तिथि 18 से 22नवम्बर तक समय 12.00 बजे से 3.00 तक स्थान स्काउट भवन धवारी सतना प्राप्त किए जा सकते हैं.नामांकन फार्म जमा करने की तिथि 23नवम्बर को समय 12.00 बजे से 3.00 बजे तक स्थान स्काउट भवन धवारी सतना ,नामांकन फार्मो की जांच 25नवम्बर समय 3.00 बजे से 5.00 बजे तक स्थान स्काउट भवन धावरी सतना वैध पाए गए नामांकन फार्मो की सूची का प्रकाशन 27नवम्बर समय 12.00 बजे से 3.00 बजे तक स्थान स्काउट भवन धवारी सतना , नाम वापसी की तिथि 30नवम्बर समय 12.00 बजे से 3.00 बजे तक स्थान स्काउट भवन धवारी सतना अंतिम रूप से वैध नामांकन फार्मो की सूची का प्रकाशन 30नवम्बर समय 3.00 बजे से 5.00 बजे तक स्थान स्काउट भवन धवारी सतना आवश्यक होने पर निर्वाचन की तिथि 17दिसम्बर समय 11.00 बजे से 3.00 बजे तक स्थान स्काउट भवन धवारी सतना मतगणना 17 दिसम्बर समय 3.00 बजे से 5.00 अपरान्ह तक स्थान स्काउट भवन धवारी सतना. मतगणना पश्चात परिणाम की घोषणा दिनांक 17दिसम्बर समय 5 से 6 बजे तक स्थान स्काउट भवन धवारी में होगी.



# महर्षि विद्या मंदिर में मनाई गई वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती

नवभारत न्यूज

**सतना, 19 नवम्बर. आज महर्षि विद्या मंदिर, सतना में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई।**

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात् उपस्थित छात्रों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने महारानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन, शौर्य और बलिदान पर आधारित आकर्षक नाट्य प्रस्तुति दी। नाटक में उनके बचपन से लेकर झांसी की रक्षा हेतु किए गए अदम्य संघर्ष को प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बच्चों को वीरांगना के इतिहास और उनके राष्ट्रप्रेम के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पुष्पा यादव द्वारा अत्यंत सुंदर एवं प्रभावी ढंग से किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और भी प्रेरणादायक बन गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने भावातीत ध्यान कर महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन से साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राकेश तिवारी, रवि विश्वकर्मा, राजेश पयासी, सुनील गौतम, शांति पांडे, पारुल पांडे, वर्षा तिवारी, कीर्ति तिवारी, शशि गौतम, सुमन चौबे, राहुल शुक्ला, अनामिका द्विवेदी, निवेदिता बघेल आदि शिक्षक उपस्थित रहे। इस प्रकार महार्षि विद्या मंदिर, सतना में महारानी लक्ष्मीबाई जयंती का आयोजन सफलतापूर्वक एवं गरिमामय रूप से संपन्न किया गया।

### मतदाताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्पडेस्क स्थापित

**सतना 19 नवम्बर.** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मैहर रानी बाटड ने आमजन को होने वाली असुविधाओं के निराकरण के लिए जिला कार्यालय में हेल्पडेस्क स्थापित कर कर्मचारियों की डयूटी लगाई है। साथ ही निर्देशित किया है कि संबंधित कर्मचारी प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक मतदाताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

# एकेएस के छात्रों का प्रिज़्म में अध्ययन दौरा



नवभारत न्यूज

**सतना, 19 नवम्बर. ए.के.एस. विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग तथा सीमेंट प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दिनांक 15 नवम्बर 2025 को प्रिज़्म सीमेंट लिमिटेड में आयोजित औद्योगिक अध्ययन-दौरे ने विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक वातावरण से जोड़ने में एक उल्लेखनीय पहल का रूप ले लिया।**

इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सीमेंट निर्माण की सूक्ष्म प्रक्रियाओं, गुणवत्ता परीक्षण की वैज्ञानिक पद्धतियों तथा विशाल औद्योगिक संचालन की संरचना का प्रत्यक्ष ज्ञान प्रदान करना था। इस अध्ययन-दल का मार्गदर्शन डॉ. गौरव शुक्ला, विभागाध्यक्ष, सीमेंट प्रौद्योगिकी तथा इंजीनियर प्रियांका सिंह, सहायक प्राध्यापक, सीमेंट प्रौद्योगिकी द्वारा अत्यंत कुशलता से किया गया।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कच्चे माल की चयन प्रणाली, मिश्रण प्रक्रियाएँ, अत्याधुनिक भट्ठी संचालन, ऊर्जा प्रबंधन विधियाँ तथा प्रयोगशाला में उपयोग होने वाली सटीक परीक्षण तकनीकों का विस्तृत अवलोकन कर उद्योग जगत की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझा।

# वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई सीए बनी ईशा अग्रवाल को किया सम्मानित



नवभारत न्यूज

**सतना, 19 नवम्बर. वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई सतना की जिला अध्यक्ष मीरा अग्रवाल के नेतृत्व में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।**

पी आर ओ पूजा गुप्ता ने बताया कि बहनों ने सतना की बिटिया सुश्री ईशा अग्रवाल सुपुत्री श्रीमति रोली शोभित अग्रवाल का सम्मान किया । उन्होंने सी ए परीक्षा उत्तीर्ण कर सीए की उपाधि हासिल कर सतना में अपना परचम लहराया है और आने वाली बेटियों के लिए मिसाल क़ायम की है । ज़िला प्रभारी श्रीमती स्वाति गुप्ता एवं बहनें क्रांति उषा ज्योति संगीता चित्रा अंजू चित्रा कमलेश किरण शारदा पलक रावी अमिता अंजू चाँदनी शशि पूजा प्रीति गीता सुनीता सीमा एवं अन्य मातृशक्तियाँ उपस्थित रहीं ।

### एक नजर में



#### इंदिरा जी का जन्मदिन सोल्लास आयोजित

**सतना।** बोनान्ज़ा कॉ0 हॉ0 से0 स्कूल में प्रियदर्शनी स्व. इंदिरा गाँधी जी की 108वीं जयंती पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम चेयरमैन गौरव अरोरा की अध्यक्षता एवं डायरेक्टर दिलीप अरोरा के निर्देशन में आयोजित किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा उनके बचपन से अंत तक प्रेरणादायी जीवनदर्शन व वृतान्त उदाहरण सहित प्रस्तुत किए गए तथा उन्हें प्रियदर्शनी एवं लौह महिला क्यों कहा जाता है उदाहरणों सहित समझाया गया। उत्कृष्ठ बच्चों को प्राचार्या रश्मि श्रीवास्तव तथा डायरेक्टर श्री अरोरा के करकमलों द्वारा पुरस्कृत किया तथा संचालन मैडम नित्या दुबे द्वारा किया गया।

#### 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 23 को

**सतना.** 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ 23 नवम्बर को दोपहर 2 बजे प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के मुख्यातिथ्य में अशासकीय उ.मा.वि. सी.एम.ए. सतना में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद सतना श्री गणेश सिंह करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक नागौद नागेन्द्र सिंह, चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, सतना सिद्धार्थ कुशवाहा, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता पंकज सिंह परिहार उपस्थित रहेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव ने बताया कि 19 वर्ष के बालक-बालिकाओं की नेट बॉल प्रतियोगिता आयोजित होगी।

#### रामवन में चित्रकला प्रतियोगिता आज

**सतना.** संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय म.प्र. भोपाल के तत्वाधान में शासकीय तुलसी संग्रहालय रामवन जिला सतना में 20 नवम्बर 2025 को विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर एक दिवसीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। शासकीय तुलसी संग्रहालय रामवन के संग्रहाध्यक्ष केएल डाभी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 20 नवम्बर को प्रात: 11 बजे शासकीय तुलसी संग्रहालय रामवन में किया जायेगा।

#### माता-पिता की प्रेरणा से पुत्र ने किया रक्तदान



**सतना।** एक और जहां लोग भ्रांतियां के कारण रक्तदान करने से बचते फिरते हैं वहीं दूसरी और ऐसे सुपुत्र भी है जो माता पिता की सेवा को देखते हुए स्वयं भी मानवता की सेवा करने के लिए उत्साह और खुशी के साथ रक्तदान कर रहे हैं जी हां हम बात कर रहे हैं वरिष्ठ समाजसेवी श्री अमर अग्रवाल जी की जिन्होंने स्वयं 60 बार रक्तदान किया है धर्मपत्नी श्रीमती सीमा अग्रवाल जी ने भी 10 बार रक्तदान किया है माता पिता की प्रेरणा से प्रेरित होकर पुत्र अमन अग्रवाल एवं आकाश अग्रवाल भी निरंतर रक्तदान कर इंसानियत का सच्चा धर्म निभा रहे हैं। रक्तवीरों के प्रेरक एवं सिन्धु विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी ने बताया गत दिवस जिला अस्पताल में भर्ती मरीज को ए पॉजिटिव की अत्यंत आवश्यकता थी अमन अग्रवाल जी ने जिला अस्पताल में जरूरतमंद के लिए रक्तदान कर नया जीवन देने का प्रयास किया।

# नन्हीं बेटियों ने जीवंत की झांसी की रानी की वीरगाथा, मनाई गई 197वीं जयंती



नवभारत न्यूज

**सतना, 19 नवम्बर. पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सतना में आज महान स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की 197वीं जयंती उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई।**

कार्यक्रम में विद्यालय की नन्हीं बेटियों ने रानी लक्ष्मीबाई की साहसिक गाथा को मंच पर जीवंत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व छात्राओं द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर किया गया। इसके बाद बच्चियों ने प्रसिद्ध गीत खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी है की प्रस्तुति के साथ मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसने पूरे विद्यालय को देशभक्ति की भावना से भर दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्याख्याता शैलेंद्र त्रिपाठी ने करते हुए महारानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस, उनके शौर्य, नेतृत्व और मातृभूमि के प्रति समर्पण को विद्यार्थियों के समक्ष रखा तथा छात्राओं को नारी शक्ति और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य बी.पी. शुक्ला, शैलेंद्र त्रिपाठी, रचना जोशी, दयाराम द्विवेदी, शकुंतला त्रिपाठी, भानु सिंह, जी. डी. त्रिपाठी, रेनू सिंह, शैलेन्द्र सिंह, रामलखन, श्यामराज, पंकराज सिंह, पारुल श्रीवास्तव, कृष्णा सिंह सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएँ और छात्राएँ कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य बी.पी. शुक्ला ने सभी छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करते हैं ।